हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 1 मई 2024ए समय 1305 (5 मिनट))

आज हरियाणा में नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन भारतीय जनता पार्टी की अंबाला से उम्मीदवार बंतो कटारिया ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से श्रीमती बंतो कटारिया का नामांकन पत्र भरवाने के लिए अंबाला पहुंचे। नामांकन दाखिल करते समय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल भी उनके साथ मौजूद रहे।

उधर कल करनाल में जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के समक्ष दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किएए जिनमें आज़ाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे स्वामी अग्निवेश और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वीरेंद्र वर्मा शामिल है।

वहीं कुरूक्षेत्र में कल एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह और आज़ाद प्रत्याशियों अनिल एवं सुभाष ने कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

....

हरियाणा में कांग्रेस ने कल रात गुरूग्राम लोकसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया।

कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का टिकट काटकर फिल्म अभिनेता से नेता बने राज बब्बर को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह से होगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार टिकट कटने के बाद कैप्टन अजय सिंह यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम लिये बगैर कहा कि हरियाणा के कुछ नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को हटाने की साज़िश रची है। उन्होंने कहा कि वे

कांगेस पार्टी के लिए हमेशा काम करते रहेंगे और राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय का पालन करेंगे।

....

सिरसा पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मध्य नजर चलाए गए अभियान के दौरान राजस्थान सीमा के साथ लगते गांव जोगी वाला नाका पर 12 लाख 22 हजार 300 रुपए की नगदी तथा एक गाड़ी जब्त कर संबंधित विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गाड़ी राजस्थान की ओर से सिरसा शहर में आ रही थी। गाड़ी में सवार युवकों की पहचान राजस्थान के सागड़ा निवासी आदेशए कलाना निवासी बंटीए नेठराणा निवासी ललितए सरदार गढ़िया निवासी अनुज तथा सागा निवासी हरिकेश के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त राशि तथा गाड़ी को चुनाव आचार संहिता के चलते जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह से चौकस है। उन्होंने बताया कि जिले के साथ लगती पंजाब और राजस्थान सीमा पर कुल 27 नाके लगाए गए हैं ।

....

भारतीय जनसंचार संस्थान - आई.आई.एम.सी. ने आगामी शैक्षणिक वर्ष से मीडिया व्यवासायिक अध्ययन और सामरिक संचार में स्नाकोत्तर डिग्री शुरू करने की घोषणा की है। दो वर्ष के यह दोनों पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र में शुरू किए जा रहे है।

सम विश्वविद्यालय घोषित होने के बाद से यह संस्थान का पहला स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम होगा। यह संस्थान के नई दिल्ली परिसर में पढ़ाए जाएगा और इसमें 40 सीटें उपलब्ध होंगी।

....

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 58 के तहत बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का विधायक पद से त्याग-पत्र स्वीकार कर लिया है। चौटाला ने कल विधान सभा अध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत होकर अपने त्याग पत्र की पुष्टि की। उन्होंने अपना त्याग पत्र संदेशवाहक के माध्यम से 24 मार्च को विधान सभा सचिवालय को भेजा था। इसकी पुष्टि के लिए विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उन्हें पहले 23 अप्रैल को और बाद में 30 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए पत्र लिखा था।

इससे पूर्व रणजीत सिंह चौटाला ने विधान सभा अध्यक्ष को फोन कर निजी कारणों का हवाला देते हुए 23 अप्रैल को विधान सभा पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की थी।

गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 58 में त्याग-पत्र देने और उसे स्वीकार करने की व्यवस्था दी गई है। इस नियम के भाग (1द्व के उपभाग (क) में कहा गया है कि यदि कोई सदस्यए अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से अपना त्याग-पत्र देता है तथा अध्यक्ष को उसके प्रतिकूल कोई सूचना नहीं है तो उसे तुरन्त स्वीकार किया जा सकता है। वहीं इस भाग के उपभाग (ख) में कहा गया है कि यदि विधान सभा का कोई सदस्य डाक द्वारा अथवा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से अपना त्याग पत्र भेजता है तो विधान सभा अध्यक्ष त्याग पत्र देने वाले सदस्य से इसकी पुष्टि करेंगे। पुष्टि के बाद ही त्याग-पत्र स्वीकार किया जा सकता है। इसी नियम के उपभाग (ग) में कहा गया है कि कोई भी सदस्य अपने त्याग-पत्र को अध्यक्ष द्वारा इसके स्वीकार किए जाने से पूर्व किसी भी समय वापस ले सकता है।

....